08/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

केंद्रीय बिजली और आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश में जल विद्‌युत, हाउसिंग और शहरी विकास विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, पावर मिनिस्टर के सलाहकार जिक्के ताको और संबंधित विभागों के आलाअधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने अपने एक ट्‌वीट में कहा है कि राज्य में जलविद्‌युत परियोजनाएं प्रगति पर है और विभिन्न चुनौतियों के बावजूद सरकार इन परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्‌स राज्य के विद्‌युत जरूरतों को पूरा करने के साथ ही नेशनल पावर ग्रिड में अरुणाचल के योगदान के साथ ही अर्थ व्यवस्था की मजबूती के नजरिए से महत्वपूर्ण हैं। बैठक के दौरान कांप्रिहेंसिव स्कीम ऑफ ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन और रिवेंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम पर भी चर्चा हुई। यह योजना अरुणाचल प्रदेश के प्रत्येक घर में 24x7 विद्‌युत आपूर्ति के लिए पावर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने कहा है कि राज्य सरकार सभी नागरिकों के बेहतर भविष्य के लिए अर्बन ग्रोथ को प्राथमिकता दे रही है। 000000000000000

यूनियन कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयुष गोयल ने आज सिविल सेक्रेटरिएट ईटानगर में रबर प्लांटेशन पर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में अरुणाचल प्रदेश के इंडस्ट्री मिनिस्टर न्यातो दुकोम, मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

केंद्रीय मंत्री पीयुष गोयल ने प्लानिंग डिपार्टमेंट के साथ भी बैठक की। उन्होंने ईटानगर के बैंक्वेट हॉल में आयोजित इनवेस्टर एंड इंडस्ट्री आउटरिच कार्यक्रम में इंडस्ट्री लीडर्स और हितधारकों के साथ संवाद किया। 000000000000000

केंद्रीय बिजली, आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान राज्य में जल विद्‌युत ऊर्जा की अपार संभावनाओं के दोहन और शहरी क्षेत्र में सुविधाओं के विकास पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में अट्ठावन हजार मेगावाट से अधिक जल विद्‌युत उत्पादन की क्षमता है और राज्य के प्राकृतिक संसाधनों देश के उपयोग से देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में जलविद्‌युत ऊर्जा के विकास से प्रदेश के त्वरित विकास में भी मदद मिलेगी। 000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस और ऑस्ट्रिया की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर आज शाम मॉस्को पहुच गये है। मॉस्को एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री का स्वागत उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने किया। 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रक्षा, व्यापार और निवेश, ऊर्जा सहयोग, शिक्षा, संस्कृति तथा लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित व्यापक द्‌विपक्षीय मुद्दों पर विचार विमर्श करेगे। दोनों नेता परस्पर हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर भी विचार करेंगे।

वे ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन, जी-20, पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों में द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति का भी आंकलन करेंगे।

000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने रविवार को वेस्ट कामेंग जिले के न्युकमादुंग में स्थित उन्नीस सौ बासठ के इंडो-चाईना वार के शहीदों के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वार मेमोरियल के पास भारतीय सेना की सोलहवीं मद्रास रेजिमेंट, छियालीसवीं इंफेंट्री ब्रिगेड और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज के सहयोग से निर्माणाधीन कल्चरल एंड हेरिटेज म्यूजियम का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इस म्यूजियम में उन्नीस सौ बासठ के वीर जवानों की यादों के साथ ही अरुणाचल प्रदेश की जनजातीय विरासत को भी संरक्षित करने का सुझाव दिया।

000000000000000

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड सहित देश के पूर्वोत्तर हिस्से में मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इधर असम में पिछले चौबीस घंटों के दौरान बाढ से आठ और लोगों की जान चली गई, जिससे राज्य में बाढ में मरने वालों की संख्या छियासठ हो गई है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल की टीमों ने पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो सौ अट्ठारह लोगों को बचाया है। ब्रह्मपुत्र, बराक और उनकी सभी सहायक नदियाँ खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। तिरपन हजार लोगों ने दो सौ उनहत्तर राहत शिविरों में शरण ले रखी है। राज्य सरकार ने तीन सौ इकसठ राहत वितरण केंद्र खोले हैं। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने काजीरंगा क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों से आम नागरिकों के साथ ही वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। काजीरंगा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व का अधिकांश क्षेत्र बाढ़ के पानी में डूब गया है, जिसके कारण वन्यजीव उपरी इलाकों में पलायन कर रहे है।

000000000000000

कुरुंग कुमे जिले में हाल ही में भारी वर्षा के कारण जिला मुख्यालय से विभिन्न हिस्सों को कनेक्ट करने वाले सड़कों और पुलों को हुए नुकसान से उत्पन्न स्थिति को लेकर इमरजेंसी कोआर्डिनेशन मीटिंग हुई। जिला उपायुक्त विशाखा यादव की अध्यक्षता में इस बैठक के दौरान रोड एंड मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी सहित मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर जोर दिया गया। जिला उपायुक्त ने संबंधित विभागों को बीआरओ के साथ मिलकर सड़क संपर्क को बहाल करने के लिए त्वरित गति से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के अधीन ग्राउंड टीमें राहत और बचाव कार्य के लिए सक्रिय है।

000000000000000

चांगलांग में खारसांग-मियाओ-विजयनगर हाइवे के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़ी आपत्तियों और दावों को लेकर सुनवाई हुई। जनसुनवाई के दौरान निर्धारित मानदंडों के अनुसार सभी आपत्तियों का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में जिले के आलाअधिकारी और संबंधित विभागों के कर्मी मौजूद थे।

000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में आज अड़तालीसवें नेशनल आर्म्सस्पोर्ट्स चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली ओबी मेगु का स्थानीय संगठनों ने स्वागत किया। महाराष्ट्र के पालगढ़ में आयोजित नेशनल आर्म्सस्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लेफ्ट एंड राइट कैटेगरी में ओबी मेगु ने दो स्वर्ण पदक जीतकर अरुणाचल को गौरवान्वित किया।

000000000000000

वन महोत्सव के तहत अरुणाचल प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। अरुणाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर इंडिजिनस प्लांट्स लगाये जा रहे है। लोहित जिले के कामलांग टाइगर रिजर्व एंड वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी डिविजन द्वारा एक पेड़ माँ के नाम प्लांटेशन अभियान चलाया गया। इसके तहत जामुन, हिलिखा, मलवरी, अमरा सहित कई उपयोगी फल के पौधे लगाये गए। इसका उद्देश्य वन्यजीव पार्क में इकोलॉजीकल रिचनेस और डायवर्सिटी को बढ़ावा देना है।

000000000000000